

# गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने रद्दी कागज पर खाया मिड डे मील

## मैहर जिले में स्थित शासकीय विद्यालय प्रबंधन के संवेदनहीन रवैए से व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**सतना,27 जनवरी को एक ओर जहां देश 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना रहा था, संविधान में निहित समानता और गरिमा के अधिकारों की बात की जा रही थी, वहीं दूसरी ओर मैहर के एक सरकारी स्कूल से ऐसी तस्वीर सामने आई. जिसने कई सवाल खड़े किए हैं. यह पूरा मामला मैहर के शासकीय हाई स्कूल भटिगंवा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों को दिए जाने वाले विशेष मिड-डे मील का है.**

मैहर में गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों में बच्चों को विशेष भोजन कराया जाता है, ताकि उनमें देश और पर्व के प्रति उत्साह पैदा हो, लेकिन भटिगंवा स्कूल में यह दिन बच्चों के लिए मजबूरी बन गया. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहा है. यहां बच्चों को भोजन परोसने के लिए थाली, प्लेट या पत्तल तक उपलब्ध नहीं कराई गई, बल्कि पुरानी रद्दी कॉपियों और किताबों के फटे पन्नों पर पूड़ी-हलवा परोसा गया. वीडियो में देखा जा सकता है कि कई बच्चे स्कूल परिसर में जमीन पर बैठे हैं उनके सामने फटे हुए कागज बिछे हैं, जिन पर भोजन रखा गया है और बच्चों को पूरी हलुआ खिलाया जा रहा है कई कागजों पर स्याही और लिखावट साफ नजर आ रही है, फिर भी बच्चों को वही खाना खाने के लिए मजबूर किया गया.

जानकारों के अनुसार, छपे या लिखे हुए कागज पर भोजन करना बेहद खतरनाक हो सकता है. कागज और स्याही में मौजूद रासायनिक तत्व और लेड जैसे भारी धातु गर्म भोजन के संपर्क में आकर शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और विशेष रूप से बच्चों के लिए यह खतरा और भी ज्यादा होता है, क्योंकि उनका शरीर संवेदनशील होता है.



### कलेक्टर ने भेजा निलंबन प्रस्ताव

घटना के प्रकाश में आने के बाद मैहर कलेक्टर रानी वाटड ने एसडीएम को जांच के निर्देश देकर रिर्पोट तलब की. बादमें रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी प्राचार्य के निलंबन का प्रस्ताव संभागायुक्त के पास भेजा. बताया गया है कि इस मामले में जिले के एमडीएम प्रभारी व विद्यालय के एमडीएम प्रभारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया.

### शुरू हुई जांच

मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है. जिला परियोजना समन्वयक (छक्ष्) विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि फ्रवीडियो की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि बीआरसी को मौके पर भेजकर पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी गई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.फ्र

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

▶ जांच कर रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना 27 जनवरी. सतना-मानिकपुर रेलखण्ड पर मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कर ली गई है. इसके साथ ही प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना-मानिकपुर रेलखण्ड पर मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारा पुल के निकट रेलवे ट्रैक के किमी क्र. 1216/13 और 1216/15 के बीच एक अज्ञात युवक का शव पड़ा नजर आया. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने का प्रयास किया गया. मृतक के हाथ में दिल के आकार का टैटू बना हुआ था. जिस पर शिब्बू लिखा हुआ था. काफी देर तक प्रयास करने के बावजूद भी मृतक की पहचान होती न देख पुलिस द्वारा शव को अस्पताल की मर्चुरी में भेज दिया गया. वहीं कुछ समय बाद सोशल मीडिया के जरिए मृतक की पहचान सामने आ गई. बताया गया कि मृतक बरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत डडियन निवासी शिब्बू मवासी पिता कल्लू मवासी था. जिसके आधार पर पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना देते हुए बुला लिया गया. परिजनों के अनुसार शिब्बू सोमवार को घर से निकला था. संभावना जताई गई कि सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात शिब्बू हादसे का शिकार हो गया होगा. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

# गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय जेल से रिहा हुए 7 बंदी

## रिहा होने वाले बंदियों को दी गई गीता



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 केन्द्रीय जेल सतना में 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर आजीवन कारावास के 07 बंदी जेल मुख्यालय के आदेश एवं राज्य शासन से घोषित परिहार का लाभ प्राप्त कर सजा भुगत कर रिहा हुए।**

77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर की धर्मपत्नी श्रीमती नमामि सोनकिया के मुख्य आतिथ्य में जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा द्वारा बंदियों को रिहा किया गया। रिहा होने वाले प्रत्येक बंदियों को श्रीफल, फलदार पौधे, आध्यात्म से जुड़ने हेतु श्रीमद् भगवद्गीता (यथारूप), लंच पैकेट, बंदी पारिश्रमिक पासबुक एवं बंदी का रिहाई प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

मुख्य अतिथि एवं जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा द्वारा बंदियों को अपराध से दूर रहने व अपने शेष जीवन को सदमार्ग पर ले जाने, समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की कामना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। रिहा होने वाले बंदियो मे सतना जिले के 03 पुरूष बंदी लक्ष्मण सिंह पिता चन्द्रशेखर सिंह (खुली जेल सतना से), नंदी उर्फ रामकिशोर खैरवार पिता स्वामीदीन खैरवार, लोली डोहर पिता दलमल डोहर, छतरपुर जिले के 04 पुरूष बंदी कृष्णकुमार सोनी पिता सुखीराम उर्फ खुशीराम उर्फ लगड़ा सोनी, रामपाल सिंह पिता मंगल सिंह यादव, गिरधारी अनुरागी पिता सद्धू अनुरागी, छोटू उर्फ विक्की उर्फ रामस्वरूप चौरसिया पिता लक्ष्मण चौरसिया सजा भुगत कर रिहा हुए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून, सहायक जेल अधीक्षक अनिल प्रताप सिंह एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# सराफा कारोबारी के 10 लाख के आभूषण ले उड़े बदमाश

## चित्रकूट के कामता गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के कामता गांव में मंगलवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक सराफा कारोबारी को बेहोश कर लगभग 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए।**

होश में आने पर कारोबारी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कामता गांव में दिनेश सोनी की ज्वेलरी की दुकान है। दिनेश सोनी आभूषण बनाने के साथ-साथ बेचने का भी काम करते हैं। बेहोश कर आभूषणों का डिब्बा ले गए दिनेश सोनी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2ः30 बजे दो युवक उनकी दुकान पर आए। उन्होंने भगवान कामतानाथ स्वामी को चढ़ाने के लिए सोने का लॉकेट और आंखें दिखाने को कहा। आभूषण पसंद करने के बाद दोनों युवकों ने 2 हजार रुपए जमा किए और थोड़ी देर में आकर आभूषण ले जाने की बात कहकर जाने लगे। इसी दौरान अचानक दिनेश सोनी बेहोश हो गए। करीब आधे घंटे बाद जब दिनेश को होश आया तो उन्होंने देखा कि दुकान से आभूषणों से भरा डिब्बा गायब था। पीड़ित कारोबारी ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। उनके अनुसार, बदमाशों ने लगभग 65 ग्राम सोने के आभूषण चुराए हैं, जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। चित्रकूट थाना प्रभारी गिरिजा शंकर बाजपेई के अनुसार दुकान में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। पुलिस गांव और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि अज्ञात आरोपियों का सुराग मिल सके।



# मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 37 आवेदन

**मैहर 27 जनवरी.** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 37 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले एक दिवसीय हड़ताल

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. अपनी लंबित मांगों को लेकर आज %यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस% के बैनर तले सतना में बैंक कर्मचारियों ने एक दिवसीय राष्ट्व्यापी हड़ताल की।**

शहर के बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बाहर बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए, जहाँ उन्होंने केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मार्च 2025 में इंडियन बैंक एसोसिएशन के साथ हुए समझौते के तहत 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की सिफारिश की गई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने इसे धरातल पर नहीं उतारा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे अपनी कार्यक्षमता ब?ाने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए इस बदलाव की मांग कर रहे हैं। लगातार तीन दिनों की छुट्टियों के बाद मंगलवार को बैंक खुलने थे, लेकिन हड़ताल के कारण बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। प्रदर्शनकारियों ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि सरकार को अपनी बात सुनाने के लिए उनके पास यही अंतिम रास्ता बचा था।







### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 61 आवेदकों की समस्यायें

**सतना 27 जनवरी.** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 61 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

# करंट से नीलगाय की मौत,किसान गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. बीट चितहरा के ग्राम चौरेही अंतर्गत राजस्व क्षेत्र में एक खेत मे एक वन्य प्राणी के मृत प? होने की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां पाया गया कि खेत मे लगे झटका मशीन के तार के ऊपर वन्यप्राणी मादा नीलगाय मृत प?ी है।**



वन्य प्राणी के शरीर मे करंट से जलने के निसान मौजूद पाए गए। खेत मालिक रामकुमार रैकवार निवासी चौरेही से पूंछतांछ की गयी। मौके से डॉग स्क्वाड टीम सतना के साथ सर्चिंग की कार्यवाही की गई। मौके से जी आई तार, लक?ी की खुटिया, एवम झटका मशीन की जप्ती कर वन अपराध प्रकरण कायम किया गया एवम आरोपी रामकुमार रैकवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को बुधवार को न्यायालय चित्रकूट में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रकरण की जांच जारी है।

# अधिकार पत्र के बिना वाहनों की खरीद-बिक्री प्रतिबंधित

## संयुक्त टीम ने की चालानी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पुराने वाहनों (सेकंड हैंड कार/बाइक) के क्रय-विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। मोटरयान नियम का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई।**

इस कार्रवाई में एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिलाडिया, प्रभारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे और नगर निगम डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई डीलर्स बिना वैध प्राधिकार पत्र के पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री का कार्य कर रहे हैं, जो कि केंद्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 55ए का स्पष्ट उल्लंघन है।

# सतना जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना 27 जनवरी. जिले में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुआ।**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने खुली सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं परेड कमांडर देविका सिंह बघेल के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुक्त आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आकर्षक परेड का भी आयोजन हुआ। परेड में जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सेना, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एकेएस यूनिवर्सिटी सतना, एकेएस यूनिवर्सिटी नेशनल कैडेट कोर, एन0सी0सी0 गर्ल्स एमएलबी स्कूल, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट गाइड दल और शौर्या दल के प्लाटून ने पुलिस बैण्ड की धुन के साथ कुल 13 टुकड़ियों ने भाग लिया। इस समारोह में मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों का आयोजन भी हुआ।



# भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल में गणतंत्र दिवस का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया।**

यह कार्यक्रम प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड एवं भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो उद्योग और शिक्षा के सशक्त समन्वय का प्रतीक रहा। विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों, पुष्प सज्जा और देशभक्ति प्रतीकों से आकर्षक रूप से सजाया गया था।



समारोह के मुख्य अतिथि श्री मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेंट एवं हेड प्लांट) रहे। विद्यालय के मुख्य द्वार पर प्राचार्य डॉ. रामानंद गोस्वामी के साथ प्रिज़्म सीमेंट सुरक्षा विभाग से पायलट नागेंद्र सिह बघेल और सुरेश सिंह पटेल, छात्र वर्ग से कक्षा 9वीं के पायलट मोहम्मद आरिफ घरामी और आर्यन शुक्ला ने मुख्य अतिथि की अगवानी की। कार्यक्रम में प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के अधिकारीगण, सुरक्षा विभाग के प्रतिनिधि एवं ब?ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# जिला बारात घर एन्ड टेंट डेको. एसो. की नवीन कार्य कार्यकारिणी गठित

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. फेडरेशन ऑफ एम.पी. टेंट ऐसो. के प्रदेश सचिव एवं मुख्य चुनाव अधिकारी राजय रजक (राजू) के मार्गदर्शन में दिनांक 25/01/2026 को जिला बारात घर एन्ड टेंट डेकोरेटर्स एसोसिएशन की नवीन कार्यसमिति का सर्वसम्मति से से गठन किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंध्य चेम्बर ऑफ कामर्स ऐशो.के अध्यक्ष सतीष सुखेजा और विशिष्ट अतिथि महामंत्री संदीप जैन रहे, मुख्य अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण से किया गया।

# ननि की जनसुनवाई में पहुंची 14 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर आर.पी. सिंह कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे। जन-सुनवाई में 14 आवेदन प्राप्त हुए।**

विभागवार जानकारी के अनुसार जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 04 आवेदन, अतिक्रमण शाखा से संबंधित 01 आवेदन, साफ-सफाई से संबंधित 03 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 03 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 03 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।

# केजेएस सीमेंट में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जनवरी. गणतंत्र दिवस का परंपरागत राष्ट्रीय पर्व केजेएस सीमेंट में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा ने ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी।**

देश में संविधान स्थापना के इस राष्ट्रीय पर्व की शुरुआत सुरक्षा प्रहरियों की टुकड़ी के आकर्षक मार्च पास्ट व परेड से हुई। कर्नल वर्मा ने ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में आज के दिन का राष्ट्रीय महत्व बताते हुए देश की आजादी के लिए शहादत देने वाले सेनानियों का स्मरण किया और उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। श्री वर्मा ने कंपनी के चेयरमैन पवन अहलूवालिया जी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कंपनी परिसर में क्षेत्रवार टीम बनाकर हाउसकीपिंग अभियान चलाने का आव्हान किया है और इस कार्य को हमें मिलजुल कर धरातल पर उतारना है। कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक कुशल सिंह सिंघवी ने भी समारोह को संबोधित किया और कहा कि कंपनी की ग्रोथ मुख्य रूप से टीमवर्क पर निर्भर है। श्री सिंघवी ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग कर वेस्टेज घटाकर लागत में कमी की जा सकती है जो कि हर कंपनी का उद्देश्य होता है।



## ▶ एक नजर में ◀



### गणतंत्र दिवस बोनान्जा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**सतना।** बोनान्ज़ा कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर ध्वजारोहण चेयरमैन गौरव अरोरा द्वारा किया गया तत्पश्चात् गणतंत्र की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन डायरेक्टर दिलीप अरोरा की अध्यक्षता व प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित हुआ। अतिथियों का भावभीना स्वागत प्राचार्या तथा आभार प्रदर्शन मैडम रूचि अरोरा द्वारा किया गया। ध्वजारोहण की तैयारी में आलोक नारायण तिवारी व आई0पी0 सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### आशुतोष प्रपन्नाचार्य का जगतगुरु पद पर अभिषेक आज



**सतना।** तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम तट पर आगामी 28 जनवरी 2026 (माघ शुक्ल नवमी) को वैष्णव परंपरा का एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। भाष्यकार श्री रामानुज स्वामी के शुभाशीष से श्री संकर्षण रामानुज पीठ, छोटा स्थान सोहावल के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में स्वामी श्री आशुतोष अनंत प्रपन्नाचार्य जी महाराज को जगतगुरु रामानुजाचार्य के पद पर विधिवत अभिषिक्त किया जाएगा।



### भारत पर्व में बघेली लोकगीत और बुन्देली नृत्य की रही धूम

**सतना.** गणतंत्र दिवस की संध्या पर टाउन हाल सेमरिया चौक सतना में देशभक्ति पूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गायिका मनोभावना सिंह के बघेली लोकगीत और कांशीराम अहिरवार के दल द्वारा प्रस्तुत बुन्देली और ढिमरहाई नृत्य की धूम रही। भारत पर्व के इस कार्यक्रम में महापौर सतना योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी निगमायुक्त शैलेन्द्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सेवा निवृत्त मुनीन्द्र त्रिपाठी, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी डॉ. गौरव शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि लोक नृत्य और लोकगीत हमारी सांस्कृतिक धरोहर और संस्कृति की पहचान है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी महान विरासत और संस्कृति को पुर्नस्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। लोक संगीत के माध्यम से उत्साह, ऊर्जा का भाव जागृत होता है। कार्यक्रम में महापौर और जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने भारत पर्व में प्रस्तुति देने वाले संस्कृति विभाग द्वारा चयनित लोक कलाकारों और उनके साथियों का सम्मान किया।